कार्यालय आकार आवासीय संस्था, सुकमा जिला-सुकमा (छ.ग.)

Email ID- aakarsukmacg@gmail.com

क्रमांक / 176 /आकार/विज्ञापन/ भर्ती. /2023–24 सुकमा दिनांक 23 / 01 / 2024

–:: विज्ञापन ::–

कार्यालय अधीक्षक आवासीय संस्था, कुम्हाररास, सुकमा में खनिज न्यास निधी के तहत् विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आवासीय संस्था " **आकार** " का संचालन किया गया है, जिसके सुचारू रूप से संचालन हेतु निम्न कर्मचारियों को निश्चित मानदेय में भर्ती किया जाना है।

रिक्त पद का स्थान :– कार्यालय आकार आवासीय संस्था, कुम्हाररास सुकमा जिला–सुकमा

क्रमांक	पद का नाम	पद संख्या	शैक्षणिक योग्यता	एकमुश्त मानदेय
1	विशेष शिक्षक श्रवण बाधित (प्राथमिक)	मुक्त 01	12 वीं उत्तीर्ण एवं आर.सी.आई नार्म्स के अनुसार तथा भारतीय पुनर्वास परिषद् नई दिल्ली में पंजीकृत संस्थान से श्रवण बाधित की शिक्षा में स्पेशल डी.एड एवं आर.सी.आई से पंजीकृत होना चाहिए।	19490–00
2	विशेष शिक्षक श्रवण बाधित (माध्यमिक)	मुक्त 01	स्नातक उत्तीर्ण, आर.सी.आई , नार्म्स के अनुसार तथा भारतीय पुनर्वास परिषद् नई दिल्ली में पंजीकृत संस्थान से श्रवण बाधित की शिक्षा में स्पेशल बी.एड एवं आर.सी.आई से पंजीकृत होना चाहिए।	19490–00
3	विशेष शिक्षक मानसिक विमंदित (प्राथमिक)	मुक्त 01	12 वीं उत्तीर्ण आर.सी.आई नार्म्स के अनुसार तथा भारतीय पुनर्वास परिषद् नई दिल्ली में पंजीकृत संस्थान से मानसिक विमंदित की शिक्षा में स्पेशल डी.एड. एवं आर.सी.आई से पंजीकृत होना चाहिए।	19490–00
4	विशेष कम्प्युटर शिक्षक	मुक्त 01	बी.ई /बी.सी.ए. कम्प्युटर साइंस उत्तीर्ण (विशेष/सामान्य बी.एड़ को प्राथमिकता)	19490–00

उपरोक्त समस्त पदो के लिए अन्य सेवा शर्ते निम्नानुसार है :–

1. शैक्षणिक योग्यता शासकीय मान्यता प्राप्त संस्था से होने पर ही मान्य किया जावेगा।
2. अभ्यार्थियों को रिक्त पदो के अनुसार दिये गये शैक्षणिक योग्यता एवं आर्हतायें विज्ञापन के तिथि के पूर्व होना चाहिए।
3. सभी पदो के चयन हेतु छत्तीसगढ राज्य के मुल निवासी होनी चाहिए मुल निवासी होने का प्रमाण पत्र संलग्न करें।
4. अभ्यार्थी की आयु 01.01.2024 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।
5. आवेदक को जन्मतिथि के प्रमाण के लिए 10 वीं परीक्षा प्रमाण पत्र/अंक सूची देना अनिवार्य होगा।
6. रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
7. आवेदक द्वारा आवेदन कार्यालय द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में ही जमा करें। आवेदन के साथ प्रमाण पत्रो की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करें।

Scanned with ACE Scanner

8. यदि आवेदक एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते है तो उन्हे अलग अलग पदो के लिए अलग–अलग आवेदन करना होगा।
9. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटि पुर्ण आवेदन पत्रो पर विचार नही किया जायेगा और न इन्हें पृथक से कोई सुचना दी जायेगी।
10. आरक्षण एवं आयु सीमा में छूट प्रचलित शासकीय नियमों के अनुसार होगा।
11. उम्मीदवारों को अनुबंध के आधार पर विशुद्ध रूप से अस्थायी एवं निर्धारित अवधि के लिए रखा जायेगा। अतः आवेदक कलेक्टर जिला–सुकमा को नियमित नियुक्ति हेतु कोई दावा नहीं करेगा।
12. अनुबंध के आधार पर अस्थाई रूप से कार्य कर रहा उम्मीदवार मानदेय वृद्धि और नियमितिकरण हेतु न्यायालय में याचिका दायर करने हेतु पात्र नहीं होगा।
13. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्य करने वाले अनुभवी अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी।
14. शासकीय/अर्द्धशासकीय अथवा निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपना अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है। अन्यथा अनुभव प्रमाण पत्र विचारणीय नही होगा।
15. इन पदो पर नियुक्ति की प्रक्रिया वॉक इन इन्टरव्यू (Walk in interview) जिला चयन समिति द्वारा किया जावेगा। अंतिम निर्णय लेने का अधिकार चयन समिति अध्यक्ष को होगा।
16. उक्त नियुक्ति एकमुश्त मानेदय पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगा। सेवा का स्वरूप निश्चित मानदेय पर आधारित रहेगा। सेवा समाप्ति के बाद नियुक्त कर्मचारी को किसी प्रकार के पेंशन भत्ता या अन्य राशि प्रदान नही की जावेगी।
17. चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति पत्र प्राप्ति के तुरन्त ही निर्धारित तिथि में अपने कर्तव्य में उपस्थित होना पड़ेगा, अन्यथा प्रतिक्षा सूची के अगले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जावेगी और अलग से आवेदक को औपचारिक सूचना नही दी जावेगी।
18. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला कार्यालय सुकमा के सूचना पटल एवं www.sukma.govt.in अवलोकन की जा सकती है

वॉक इन इन्टरव्यू

सभी पदों हेतु दिनांक 29/01/20 को प्रातः 11:00 बजे से 1:00 बजे तक पंजीयन एवं दस्तावेज सत्यापन किया जायेगा। साक्षात्कार का समय 2:00 बजे से।

चयन प्रक्रिया

सभी उम्मीदवारों का चयन शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंको का 40% अंक विशेष बी.एड़ /डी. एड़ का 40% एवं साक्षात्कार का अंक 10 अंक अनुभव 10 (1 वर्ष का 2 अंक, अधिक्तम 5 वर्ष अनुभव का 10 अंक) इस प्रकार कुल 100 अंक के आधार पर मेरिट सूची तैयार किया जायेगा।

अधीक्षक
आकार आवासीय संस्था
जिला–सुकमा (छ0ग0)

Scanned with ACE Scanner

प्रतिलिपि :-

1. कलेक्टर, जिला-सुकमा को सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, (जि.पं.) जिला-सुकमा को सादर सूचनार्थ।
3. जिला शिक्षा अधिकारी ,जिला-सुकमा को सादर सूचनार्थ
4. मुख्य चिकित्सा अधिकारी , जिला-सुकमा को सादर सूचनार्थ
5. जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जिला-सुकमा को सादर सूचनार्थ।
6. उप संचालक, जनसंपर्क जिला-सुकमा को सादर सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ।
7. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला सुकमा को सादर सूचनार्थ उक्त विस्तृत विज्ञापन को जिले की वेबसाइड www.sukma.govt.in में अपलोड किये जाने हेतु ।

अधीक्षक
आकार आवासीय संस्था
जिला-सुकमा (छ0ग0)

Scanned with ACE Scanner